FULTON COUNTY SCHOOLS
विद्यार्थी सहायता कार्यालय

# विद्यार्थी सफलता कौशल

## विद्यार्थी सफलता कौशल

विद्यार्थी सफलता कौशल कुछ मानकों का एक सेट है जो सभी स्कूलों में सभी विद्यार्थियों को पूरे स्कूल वर्ष के दौरान सभी शिक्षकों द्वारा सिखाया जाएगा। इन मानकों में छह कौशल शामिल हैं जिन्हें विभिन्न ग्रेड स्तरों में कई मानकों में विभाजित किया गया है। इन कौशलों को सिखाना विद्यार्थियों को भावनाओं का प्रबंधन कर पाने, स्वस्थ संबंध निभा पाने, दूसरों को समझ और उनके साथ समानुभूति दिखाने, ज़िम्मेदार और सुरक्षित रहने और ज़िंदगी की मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए नींव का निर्माण करने में सहायक होगा।

## RETHINK ED (रीथिंक एड)

रीथिंक एड एक विस्तृत K-12 ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका इस्तेमाल शिक्षकों को शैक्षिक सामग्री, पाठों और गतिविधियों को पहुँच प्रदान करने के लिए किया जाएगा। शिक्षक विद्यार्थियों को कौशल सिखाने, उन्हें सीखे हुए कौशलों का अभ्यास और उपयोग करने देने के लिए विभिन्न शैक्षिक रणनीतियाँ इस्तेमाल करेंगे। प्रत्येक कौशल का एक शैक्षिक संबंध भी है जो प्रत्येक कौशल को शैक्षिक सामग्री से जोड़ता है।

## शोध

प्रमुख कौशलों पर केन्द्रित हस्तक्षेप के परिणाम स्वरूप शैक्षिक प्रदर्शन में सुधार हो सकता है, क्लास रूम में व्यवहार बेहतर हो सकता है, तनाव और डिप्रेशन के प्रबंधन की क्षमता बढ़ सकती है और खुद के, अन्य लोगों के और स्कूल के प्रति रवैया बेहतर हो सकता है। इस कार्य के सकारात्मक प्रभाव चिरकालिक और गहरे हैं। ये कौशल गरीबी घटाने, आर्थिक गतिशीलता को बेहतर बनाने और जीवन के परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक हो सकते हैं। (CASEL 2020)

# रीथिंक एड पेरेन्ट अकाउंट

Fulton County Schools और रीथिंक एड ने आपको हमारे विद्यार्थी सफलता कौशल पाठ और ऑनलाइन कार्यक्रम तक पहुँच प्रदान करने के लिए साझीदारी की है। रीथिंक एड प्लेटफ़ॉर्म सभी पाठ सामग्री, वीडियो और बहुत कुछ प्रदान करता है।

माता-पिता इस ऑनलाइन प्रोग्राम तक अपना खुद का रीथिंक एड पेरेन्ट अकाउंट बनाकर या क्लासलिंक द्वारा आपने विद्यार्थी के रीथिंक एड विद्यार्थी अकाउंट के द्वारा पहुँच प्राप्त कर सकते हैं। अपने विद्यार्थी के अकाउंट को एक्सेस करने के लिए, अपने विद्यार्थी की लॉगिन जानकारी का इस्तेमाल करके क्लासलिंक में लॉगिन करें और फिर ReThink Ed app (रीथिंक एड ऐप) पर क्लिक करें!

## मैं अकाउंट के लिए पंजीकरण कैसे करूँ?

अपने रीथिंक एड पेरेन्ट अकाउंट के लिए पंजीकरण करने के लिए:

- रीथिंक एड पेरेन्ट अकाउंट के लिए पंजीकरण करने के लिए यहाँ क्लिक करें या QR कोड स्कैन करें!
- फॉर्म भरें और REGISTER (पंजीकरण करें) क्लिक करें। (नोट करें:इस प्रक्रिया में कुछ मिनट लग सकते हैं।)
- अपना यूज़रनेम और पासवर्ड लिख लें।

## माता-पिता/केयरगिवर के रूप में मुझे किन चीज़ों तक पहुँच प्राप्त होगी?

माता-पिता या केयरगिवर के रूप में लॉगिन करने से आप इन विशेषताओं का उपयोग कर पाएंगे:

- विद्यार्थी सफलता कौशल पाठ की सभी सामग्री, जिसमें लेसन प्लान, वीडियो और गतिविधियाँ शामिल हैं!
- आपके विद्यार्थी और अपने भावनात्मक कल्याण में सहायता के लिए क्षेत्र विशेषज्ञों के द्वारा प्रस्तुत ऑन-डिमांड वीडियो तक पहुँच बनाएं।
- आपके बच्चे को कौशल विकसित करने, सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करने और ज़िम्मेदार निर्णय लेने में सहायक होने के लिए रणनीतियाँ और प्रिंट करने लायक संसाधन।

## मैं प्लेटफ़ॉर्म को कैसे नेविगेट करूँ?

अगर आपको प्लेटफ़ॉर्म में नेविगेट करने में समस्या हो तो आपकी मदद करने के लिए संसाधन हैं।

- अपने रीथिंक एड खाते को नेविगेट करना - वीडियो मुझे देखें!
- अपने रीथिंक एड खाते को नेविगेट करना - “कैसे करें” मार्गदर्शिका मुझे पढ़ें!
- अधिक संसाधनों के लिए हमारे केयरगिवरों के लिए सपोर्ट पेज को देखें। यहाँ क्लिक करें!
- अगर आपको अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत हो, तो कृपया support@rethinked.com को ईमेल भेजें।

विद्यार्थी सफलता कौशल पाठों की समीक्षा करने के बाद मैं अपने विद्यार्थी को उन से ऑप्ट आउट कैसे करूँ?

मा ता-पिता/अभिभावक विद्यार्थी को ऑप्टआउट करने के लिए स्कूल प्रिंसिपाल या निर्दिष्ट व्यक्ति को लिखित माँग भेजते हैं। स्कूल इसके बाद ऑप्टआउट को इनफाइनाइट कैम्पस में दर्ज करेंगे।

# विद्यार्थी सफलता कौशल विद्यार्थी की सूची

विद्यार्थी सफलता कौशल सूची का इस्तेमाल विद्यार्थी के शिक्षकों द्वारा सिखाए गए विद्यार्थी सफलता कौशल मानकों में विद्यार्थी की प्रगति के मापन के लिए किया जाता है। विद्यार्थी यह बता कर सूची को पूरा करते हैं कि क्या वे स्व-अवगतता, स्व-प्रबंधन, सामाजिक योग्यता, समस्या का सहयोगपूर्ण समाधान, सीखने की चिंतनशील रणनीतियाँ और हिस्सा होने की भावना के क्षेत्रों में सिखाए गए कौशलों का उपयोग लगभग हमेशा, हमेशा, कभी-कभी या कभी नहीं करते हैं। SSS सूची में लगभग 15-20 मद हैं, और यह विद्यार्थियों से फॉल और स्प्रिंग में भरवाई जाती है। इसे पूरा करने में लगभग 15 मिनट लगते हैं। विद्यार्थी SSS सूची को पूरा करने के लिए Illuminate (इल्युमिनेट) प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।

फ़ॉल में सूची भरवाई जाना (एलिमेन्ट्री और मिडल): 28 अगस्त 2023 – 1 सितम्बर 2023

फ़ॉल में सूची भरवाई जाना (हाई): 7 सितम्बर 2023 – 15 सितम्बर 2023

स्प्रिंग में सूची भरवाई जाना (सभी स्तर): 8 अप्रैल 2024 – 12 अप्रैल 2024

**कोई प्रश्न हैं?**

अगर SSS सूची के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो कृपया अपने स्कूल के विद्यार्थी सफलता कौशल चैम्पियन से संपर्क करें!

**सूची ऑप्ट-आउट करना**

माता-पिता अपने विद्यार्थी को सूची से ऑप्ट आउट करवाना चुन सकते हैं। ऑप्ट-आउट करने के लिए, माता-पिता को स्कूल प्रिंसिपाल को एक लिखित आवेदन देना होगा।

---

## HOME CONNECTION (घर पर जुड़ाव)

विद्यार्थी सफलता कौशल माता-पिता और केयरगिवरों की भी सहायता कर सकते हैं क्योंकि वे विद्यार्थी की भावनाओं का प्रबंधन करने, सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित और हासिल करने और ज़िम्मेदार निर्णय लेने में मदद करते हैं। सीखे हुए कौशलों को घर पर पक्का करने के लिए टिप और रणनीतियाँ प्रदान करने के लिए Home Connection पत्र और अन्य संसाधन उपलब्ध हैं।